# रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

कबीर धाम आश्रम के सामने, केन्द्रीय विद्यालय नं. 03 के पास, राजघाट रोड, सागर (म.प्र.) 470001

•E.Mail- hegc.newraniavsag@mp.gov.in Phone No.- 07582299604 Website - www.ralvv.mp.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक/RALVV-1288/अकादमिक/2026 सागर, दिनांकः 08/08/26

## :: अधिसूचना ::

## नामांकन– नर्सिंग पाठ्यक्रमों हेतु

रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर से सम्बद्धता/निरंतरता प्राप्त समस्त महाविद्यालय जिनमें नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित है ऐसे समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के लिए सत्र 2025–26 में नर्सिंग पाठयक्रम में प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन फार्म विश्वविद्यालय के एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल से भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती है–

| क्र. | कक्षा | सत्र | शुल्क का विवरण | सामान्य शुल्क के साथ निर्धारित तिथियां | विलंब शुल्क 150/– के साथ निर्धारित तिथियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | बी.एससी नर्सिंग/ एम.एससी नर्सिंग/ पोस्ट बेसिक नर्सिंग | 2025–26 | राशि रूपये 1000/– (अंकन एक हजार रूपये मात्र) प्रति छात्र। | 10.08.2026 से 20.08.2026 तक | 21.08.2026 से 27.08.2026 तक |

### आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों की सूची–

01. अंतिम अर्हकारी उत्तीर्ण परीक्षा अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति।
02. जन्म तिथि सत्यापन हेतु हाईस्कूल परीक्षा की सत्यापित अंकसूची।
03. मूल माइग्रेशन/प्रवजन प्रमाण पत्र।
04. छात्र का स्थाई निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
05. विदेशी छात्र है अथवा म.प्र. राज्य के बाहर के विश्वविद्यालय/बोर्ड का छात्र है, तो रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र।
06. ऑनलाइन सीट आवंटन पत्र की छायाप्रति। आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्र/अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है, अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी अपने अध्ययनरत महाविद्यालय में जमा करें।

### आवश्यक दिशा– निर्देश

01. समस्त महाविद्यालयों एवं छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि पंजीयन (Registration) करते समय सम्पूर्ण जानकारी जैसे (विद्यार्थी, पिता/माता का नाम, जन्मतिथि/ब्रांच/कोर्स का नाम इत्यादि) सावधानी पूर्वक भरें।
02. महाविद्यालय के विभिन्न कोर्स में प्रवेशित विद्यार्थियों की आहर्ता का वि.वि. एवं संबंधित अपैक्स काउंसिल के नियमों के अनुरूप पालन सुनिश्चित करना महाविद्यालय में अधिष्ठाता/प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी।
03. विद्यार्थियों के आवश्यक मूल दस्तावेज जाँचने तथा महाविद्यालय में सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य की होगी तथा जब वि.वि. द्वारा किसी भी विद्यार्थी की जानकारी, मूल दस्तावेज मांगे जाने पर उन्हें नियत दिवस के भीतर विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी। अतः प्रवेशित विद्यार्थियों के किसी भी दस्तावेज वि.वि. में जमा करने की आवश्यकता तब तक नहीं होगी जब तक ऐसे दस्तावेजों की वि.वि. द्वारा मांग नहीं की जाती।

04. इस अधिसूचना में उपलब्ध कराई गई तिथियों के दौरान महाविद्यालय के द्वारा आवंटित सीटों के विरुद्ध प्रवेशित किये गये जिन छात्रों का पंजीयन नहीं कराया जायेगा और रिक्त Seats Lock हो जायेगी, उन रिक्त सीटों के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा यह माना जायेगा कि रिक्त सीटों के विरुद्ध महाविद्यालय में कोई भी छात्र प्रवेशित नहीं हुआ है एवं इस रिक्त रहे स्थानों/सीटों के विरुद्ध किसी भी छात्र के संबंध में छात्र या महाविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का कोई दावा/प्रमाण किसी भी आधार पर मान्य नहीं होगा।

05. प्रवेशित विद्यार्थियों के नामांकन पंजीयन पश्चात् शुल्क राशि 1000/– रुपये के शपथ पत्र पर जानकारी अंकित कर, विश्वविद्यालय में शपथ पत्र की मूल प्रति एक सप्ताह के अंदर जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा विद्यार्थियों के नामांकन जारी नहीं किये जावेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

**<u>महाविद्यालयों को ऑनलाइन नामांकन फार्म के संबंध में आवश्यक निर्देश :–</u>**

**01.** प्राचार्य अपने महाविद्यालय में प्रवेशित समस्त विद्यार्थी का नामांकन कराना सुनिश्चित करें।

**02.** महाविद्यालयों को एम. पी. ऑनलाइन लॉगिन हेतु जीटूजी आई.डी. पासवर्ड प्रेषित किया जा चुका है। जिन महाविद्यालयों को G2G आई.डी. पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है। वह विश्वविद्यालय के दूरभाष नं. [redacted] से 07582-299604 संपर्क करें।

**03.** ऑनलाइन नामांकन फार्म एप्रूव करने से पहले महाविद्यालय यह जांच लें कि संबंधित छात्र–छात्रा द्वारा अपने माता–पिता का नाम, धर्म, जाति, लिंग, जन्मतिथि, मो. नं., विषय, पूरा पता, फोटो, हस्ताक्षर, माईग्रेशन/प्रवजन प्रमाण पत्र एवं माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) आदि का सही अंकन किया है अथवा नहीं। अन्य कोई बिन्दु जो महाविद्यालय के संज्ञान में हो। संबंधित निकाय के प्रवेश नियमानुसार नामांकन/प्रवेश हेतु पात्रता का परीक्षण एवं छात्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों के सत्यापन का समस्त उत्तरदायित्व व जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य की होगी। भली भांति परीक्षण उपरांत पात्रता सुनिश्चित होने पर ही ऑन लाइन आवेदन फारवर्ड करें। समस्त वांछित अभिलेखों, मूल माइग्रेसन प्रमाण पत्र सहित छात्रों के ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में सुरक्षित संधारित की जावे तथा विश्वविद्यालय द्वारा चाहे जाने पर उपलब्ध करायी जावे।

**04.** समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल (https://www.ralvv.mponline.gov.in) पर G2G लॉगिन कर ऑनलाइन प्राप्त नामांकन फार्म को निर्धारित तिथि तक एप्रूव करना होगा। फार्म एप्रूव न होने की स्थिति में विद्यार्थियों का नामांकन जारी नहीं किया जायेगा।

**05.** महाविद्यालय छात्र/छात्राओं के नामांकन एप्रूव करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि छात्र द्वारा जिसमें प्रवेश किया हैं उसी हेतु नामांकन आवेदन किया गया हैं। विषय/ग्रुप संबंधी त्रुटि समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

**06.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए विश्वविद्यालय के दूरभाष नं. 07582–299604 एवं मोबाइल नं [redacted] एवं एम.पी. ऑनलाइन के हेल्पलाइन नं. 0755–6720200 पर संपर्क करें, साथ ही hegc.newraniavsag@mp.gov.in पर नाम, दूरभाष व समस्या विवरण का लेख करते हुए ई–मेल प्रेषित करें।

<u>नोटः–</u> महाविद्यालयों में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को MP ONLINE पोर्टल पर Student Information System (SIS) आई.डी बनाना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों के इस SIS आई.डी पर परीक्षा आवेदन–पत्र, प्रवेश पत्र एवं अंकसूची, Migration, Eligibility, Provisional Degree उपलब्ध रहेगा। विद्यार्थी Student Information System (SIS) ds माध्यम से उक्त दस्तावेजों का प्रिंट आसानी से निकाल सकेगें। विद्यार्थी को अपने कार्य हेतु अन्य स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। यह Student Information System (SIS) विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन नम्बर जनरेट होने के पश्चात नामांकन नम्बर से ही आपरेट किया जायेगा।

# :: शपथ पत्र प्रारूप ::

(एक हजार रुपये के स्टाम्प पेपर पर)

महाविद्यालय का नाम–

महाविद्यालय का पता –

सत्र –

कोर्स –

काउंसिल द्वारा महाविद्यालय को प्राप्त मान्यता तिथि –..........................................................................................

एवं सीट संख्या...............................................(काउंसिल में पंजीयन किये गये कोर्स में विद्यार्थियों की सूची की प्रतिलिपि एवं मान्यता पत्र देना सुनिश्चित करें। काउंसिल एप्लीकेशन नंबर सहित)

**विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त सम्बद्धता अनुसार दस्तावेज निम्नानुसार जानकारी अंकित करना सुनिश्चित करें –**

| क्रमांक | सम्बद्धता पत्र क्रमांक एवं तिथि | कोर्स | प्राप्त सीट संख्या | प्राप्त सीट संख्या के विरूद्ध पंजीयन किये गये छात्रों की संख्या | रिक्त सीट संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | | | | | |

**पोर्टल पर पंजीयन किये गये विद्यार्थियों के संबंध में निम्नानुसार जानकारी अंकित करना सुनिश्चित करें–**

| क्रमांक | पोर्टल पर पंजीयन किये गये विद्यार्थियों के नाम | महाविद्यालय में विद्यार्थियों की प्रवेश दिनांक (**Admission Register** /रिकॉर्ड/फीस/रसीद अनुसार ) | विद्यार्थियों की वर्षवार कक्षाओं में उपस्थिति | विद्यार्थियों द्वारा अटेंड की गयी कक्षाओं का विवरण प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 01. | | | | |

01. में घोषणा करता हूं की महाविद्यालय द्वारा सत्र 2025–26 में नर्सिंग पाठ्यक्रम में संबंधित काउंसिल द्वारा नियम अंतिम तिथि...................................................के पूर्व विद्यार्थियों का प्रवेश दिया गया है।
02. मैं घोषणा करता/करती हूं। कि मुझे पता है कि विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन के लिए छात्रों का पंजीयन संस्थान की जिम्मेदारी है।
03. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि पोर्टल पर पंजीकृत सभी विद्यार्थी मेरे द्वारा पंजीकृत है और मैंनं संबंधित पाठयक्रम के लिए विश्ंवविद्यालय एवं संबंधित परिषद द्वारा परिभाषित न्युनतम पात्रता मापदंड, नियमों और विनियमों की जांच कर ली है और पंजीकृत सभी छात्र निर्धारित सभी मापदण्डों का पूरा करते है।
04. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि पोर्टल पर अपलोड किये गए छात्रों के सभी दस्तावेज मूल दस्तावेजों से सत्यापित किये गए हैं तथा दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेजों से कर लिया गया है।
05. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि सत्र 2025–26 में प्रवेशित विद्यार्थियों के मूल दस्तावेज महाविद्यालय में सुरक्षित रखे गये हैं। विश्वविद्याल किसी भी विद्यार्थियों का यदि मूल दस्तावेज या छायाप्रति मांगे जाने पर उन्हें नियत तिथि तक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।
06. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि विश्वविद्यालय के परिनियम/अध्यादेश/अधिनियम एवं संबंधित काउंसिल संबंधित काउंसिल के नियमानुसार विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश दिया गया है।

मैं घोषणा/सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त बिन्दु क्र. 06 से 08 तक अंकित की गई टीप अर्थात् कथन पूर्णतः सत्य एवं सही है।

**शपथकर्ता (संचालक या प्रचार्य)**
**नाम/पात/हस्ताक्षर सहित**

**नोटः–** छात्रों के नामवार सूची शपथ पत्र में ही प्रदर्शित करें। उपरोक्त दिये गये प्रारूप में ही शपथ पत्र मान्य किये जाऐगें।

आदेशानुसार

(डॉ. शक्ति जैन)
कुलसचिव
रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म0प्र0)

क्रमांक / RALVV-1289 / अकादमिक / 2026 सागर, दिनांक: 08/08/26

प्रतिलिपि–

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
02. प्राचार्य, समस्त संबद्ध शासकीय/अशासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड, तृतीय तल, स्टेट आई.टी. पार्क अब्बास नगर नियर आरजीपीवी, गांधीनगर भोपाल 462033 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. निज सहायक, माननीय कुलगुरू, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)।
05. निज सहायक, कुलसचिव, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)।
06. संपादक दैनिक समाचार पत्रों की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
07. वेवसाइट प्रभारी – विश्वविद्यालय की वेवसाइट वा अवलोड करने हेतु।

(पंचम लाल सनोडिया)
सहायक कुलसचिव
रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म0प्र0)